अमर उजाला 01/08/2025

# विद्यार्थियों को मीडिया इंडस्ट्री की वास्तविक जरूरतों से परिचित करवाया



छावनी स्थित जीएमएन कॉलेज में कैपेसिटी बिल्डिंग कार्यक्रम करवाया गया। कॉलेज

## जीएमएन कॉलेज में कैपेसिटी बिल्डिंग कार्यक्रम का आयोजन

**अंबाला सिटी।** जीएमएन कॉलेज में ऑर्गेनाइजेशन फॉर सोशल एंड कल्चरल अवेयरनेस (ओस्का) एवं इद्रीश फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में चल रहे इंटर्नशिप कार्यक्रम के अंतर्गत एक दिवसीय कैपेसिटी बिल्डिंग कार्यक्रम करवाया गया।

इस अवसर पर जीएमएन कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने कहा कि आज के डिजिटल युग में जनसंचार केवल खबरों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक सामाजिक परिवर्तन का माध्यम बन चुका है, ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम युवाओं को तकनीकी और नैतिक दोनों स्तरों पर सक्षम बनाते हैं। कार्यक्रम में संसाधन व्यक्ति के रूप में जीएमएन कॉलेज के जनसंचार एवं वीडियो प्रोडक्शन के सहायक प्रवक्ता राजिंद्र मीरवाल ने पत्रकारिता, डिजिटल मीडिया, पीआर और कंटेंट क्रिएशन जैसे विषयों पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण इलेक्ट्रॉनिक मीडिया की बदलती भूमिका पर आधारित सत्र रहा। संवाद